लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया 10:11 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 142, पृष्ठ 14, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, शनिवार, 8 अप्रैल 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO : 05 MIDDLE

क्रिकेट टूर्नामेंट में आर्मी मस्टैलियन को सात विकेट से हराकर एसआरएमएस चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत विजेता एसआरएमएस अकेडमी की टीम।

अमृत विचार : एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने शुक्रवार को आर्मी मस्टैलियन को 7 विकेट से हराकर श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया। टीम को चैंपियन ट्राफी के साथ 31 हजार रुपये का इनाम भी दिया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एसआरएमएस के हर्ष राणा को टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर चुना गया। उन्हें ट्राफी के साथ 2500 रुपये नकद इनाम भी दिया गया। मुकाबले की उपविजेता आर्मी मस्टैलियन को रनर अप ट्राफी के साथ 21 हजार रुपये का इनाम दिया गया।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और आर्मी मस्टैलियन के बीच फाइनल मुकाबले में आर्मी मस्टेलियन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 18.5 ओवर में 110 रन बनाए। एसआरएमएस की ओर से शुभम मिश्रा ने 3, हृदेश, अर्पित यादव और हर्ष राणा ने 2-2 विकेट लिए। नितेश ने एक विकेट हासिल किया।

जीत के लिए 111 रन का पीछा करने उतरी एसआरएमएस की टीम ने 17.1 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। एसआरएमएस के हर्ष राणा को मैन आफ द मैच चुना गया। हर्ष ने 35 रन बनाने के साथ दो विकेट भी हासिल किए। मुख्य अतिथि सीडीओ जग प्रवेश, एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति, एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना, अध्यक्ष सरफराज वली खां, इंजी. सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. एलएस मौर्य, डॉ. रिंटू चतुर्वेदी, पीएनबी के चीफ मैनेजर संजय चौधरी, मैनेजर पुनीत टंडन, कोच मनीष सिंह आदि रहे।